सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 218 | इंदौर, शनिवार 17 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Farmer Protest:** पंजाब भाजपा के नेताओं के घरों के बाहर आज लगाए जाएंगे धरने, हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च
2. **Andhra Pradesh:** श्री चेंगलाम्मा मंदिर पहुंचे ISRO प्रमुख, इनसैट-3डीएस की सफल लॉन्चिंग के लिए पूजा-अर्चना की
3. **Delhi:** 'RLDA रेलवे भूमि स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य में विफल रहा', लोक लेखा समिति की रिपोर्ट में दावा
4. **लखनऊ:** कभी नेहरू और इंदिरा के पंसदीदा शेफ रहे इम्तियाज कुरेशी का निधन, 2016 में पद्मश्री से हुए थे सम्मानित
5. **UP:** पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने के लिए 10 लाख में ठेका, गिरफ्त में आए 2 आरोपी; बताया ऐसा खेल... अधिकारी हैरान

# दो महीने में नहीं बन पाई MP कांग्रेस की टीम

## सूची तैयार, लेकिन अभी बिना टीम के ही काम कर रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद पूर्व सीएम कमलनाथ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से हटाकर पिछले साल 16 दिसंबर को जीतू पटवारी एमपी के नए पीसीसी चीफ बनाए गए थे। पटवारी को पीसीसी प्रेसिडेंट के तौर पर दो महीने पूरे हो चुके हैं। लेकिन, वे बिना टीम के ही काम कर रहे हैं।**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर पटवारी को दो महीने बीतने के बाद भी टीम ना बन पाने के मामले पर पूर्व मंत्री कांतिलाल भूरिया ने कहा- 'जीतू पटवारी सबसे नाम ले रहे हैं। विधायकों, जिला कांग्रेस और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करके ही हाईकमान को सूची उपलब्ध कराएंगे। जीतू पटवारी कल ही मुझे मिले थे। वे बता रहे थे कि सब कम्पलीट हो गया है। चूंकि राहुल गांधी यात्रा में व्यस्त हैं। उनको भी दिखाना है। हाईकमान सोनिया जी, खरगे साहब को बताकर ही आगे बढ़ेंगे।'

पीसीसी की टीम ना बन पाने को लेकर कांग्रेस के सीनियर लीडर और विजयपुर विधायक रामनिवास रावत से जब पूछा गया तो वे बोले- ये उनसे (पटवारी) से पूछो। रावत से पूछा कि आप भी वरिष्ठ नेता हैं तो उन्होंने जवाब दिया- भैया मैं वरिष्ठ नेता नहीं हूं। अपना टाइमपास कर रहा हूं।

सूत्रों की मानें तो कांग्रेस की प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश कार्यकारिणी बनाने के लिए कांग्रेस के नेताओं के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। कई कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाने का विधानसभा चुनाव लड़े नेता ही विरोध कर रहे हैं। वहीं कई दिग्गजों ने भी कुछ लोगों को प्रदेश पदाधिकारी बनाने को कहा है। ऐसे में सबकी सहमति नहीं बन पा रही है। जीतू की टीम में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, अजय सिंह जैसे नेताओं की पसंद-नापसंद का भी ख्याल रखना चुनौती बन रहा है।



# रेप के आरोपी की पत्नी से गैंगरेप, पेट्रोल डालकर जलाया

## पति पर केस कराने वाली महिला के घर राजीनामे के लिए गई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना/ग्वालियर। मुरैना के अंबाह में पति पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला के घर समझौते के लिए गई महिला के साथ गैंगरेप हुआ। आरोपियों ने पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी। महिला को 80% से ज्यादा झुलसी हालत में अंबाह सिविल अस्पताल लाया गया। यहां से ग्वालियर के जेएएच रेफर किया गया।**

एंबुलेंस में महिला ने पति को दिए बयान में कहा है कि उससे चांदपुर गांव में 3 लोगों ने गैंगरेप किया। जब वह भागने लगी तो दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला समेत अन्य लोगों ने उसे पेट्रोल डालकर जला दिया। बयान का वीडियो भी सामने आया है।

अंबाह TI आलोक परिहार के मुताबिक, 'पीड़ित शुक्रवार दोपहर पति पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला से राजीनामा की बात करने चांदपुर गांव गई थी। महिला के पति ने एंबुलेंस में बनाया VIDEO पुलिस को दिया है। महिला इसमें गौतम, मदन और राकेश का नाम लेकर बुरा काम करने की बात कह रही है।

**रेप का आरोप लगाने वाली महिला, चाची और बाबा पर जलाने का आरोप**

महिला ने बताया कि वह भागने लगी तो आरोपी उसे पकड़कर कमरे में ले गए। वहां उसके पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला समेत उसकी चाची और बाबा ने आग लगा दी। बता दें कि जनवरी में महिला के पति पर दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। वह जेल में था और हाल ही में छूटकर आया है।

# कान्ह नदी में सीवरेज रोकने जोनवार प्लानिंग

## एक्सपर्ट के आने के बाद ही शहरी क्षेत्र में होगा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिंहस्थ-2028 से पहले शिप्रा में मिलने वाले कान्ह-सरस्वती के गंदे पानी को शुद्ध करने की कवायद में शुक्रवार को फिर प्रशासन ने बैठक ली। तय हुआ कि दो से ढाई साल पूरे प्रोजेक्ट में लगेंगे, लेकिन इस बार किसी तरह की गलती न हो। कान्ह-सरस्वती में मिलने वाले सीवरेज को बंद करने के लिए अब जोनवार प्लानिंग की जाएगी।**



कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक में नगर निगम, जिला पंचायत और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने बताया कि उज्जैन में सिंहस्थ से पहले शिप्रा को साफ किया जाना है, इसलिए कान्ह-सरस्वती को साफ किया जाना भी जरूरी है। नदी में मिलने वाले सीवरेज को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। अभी इस काम में दो से ढाई साल लगेंगे।

नगर निगम ने 11 एसटीपी, 450 किमी की सीवर लाइन डालने का 600 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया है। इस बार कोई गलती नहीं हो, इसलिए राज्य स्तर पर एक्सपर्ट के आने के बाद ही किसी भी तरह का काम शहरी क्षेत्र में किया जाएगा। संभवतः अगले दो से तीन दिन में एक्सपर्ट आ जाएंगे। इसके बाद सीवरेज को लेकर शहरी क्षेत्र में अलग-अलग जोन बनाकर प्लानिंग की जाएगी।

# दो हफ्ते बाद सबसे गर्म दिन

## तापमान 29 डिग्री से ज्यादा

## रात के तापमान में भी इजाफा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में फरवरी के दो हफ्तों बाद ठण्ड का रुख विदाई की ओर है। पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 1 डिग्री का उछाल है। रात में भी 1 डिग्री का इजाफा हुआ है। शनिवार से उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया है। इसका असर मध्य प्रदेश में 20 फरवरी के बाद दिखाई देगा। इंदौर में तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव हो सकता है।**

गुरुवार को दिन का तापमान 28.2 (-1) डिग्री सेल्सियस था। शुक्रवार को बढ़कर 29.7 (सामान्य) डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। इस दौरान दिनभर गर्मी महसूस होती रही। इसके पूर्व 4 फरवरी को दिन का तापमान 30.7 (+2) रिकॉर्ड किया गया था। रात का तापमान भी एक हफ्ते से बढ़ रहा है। शुक्रवार रात 1 डिग्री का इजाफा हुआ और 16.2 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार सुबह हल्की ठण्ड थी और मौसम फिर खुश्क हो गया।

# साधक की सहायता करना भी साधना है - आचार्य श्री विजयराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** इंदौर शहर में पधारे श्वेताम्बर जैनाचार्य श्री विजयराज जी महाराज का अपने शिष्य मंडल के साथ रेस कोर्स क्षेत्र में बिराजमान हैं। आज आचार्य जी ने अपने दीक्षाकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने करके 52 वे वर्ष में प्रवेश किया। बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय श्री जितेश मुनि जी महाराज ने अपने धर्म संदेश में सभी को सीख दी कि जीवन को साधना से सिद्धि की ओर ले जाएं। आचार्य श्री विजयराज जी महाराज ने फरमाया की साधना करने वाले साधकों की सहायता एवं सेवा करना भी साधना की श्रेणी में आता है। आचार्य श्री के सानिध्य में जैन दीक्षा लेने जा रहे चारों युवाओं युवाओं मुमुक्षु सुश्री दीपासना जी चौपड़ा, मुमुक्षु श्री अक्षय जी सहलोत, मुमुक्षु श्री सूरज जी कॉंकरिया, मुमुक्षु श्री मोहित जी सखलेचा आज धर्मसभा में उपस्थित थे। आचार्य श्री ने सभी धर्मानुरागियों से आव्हान किया कि ये चारों युवा संत बनकर साधना के मार्ग पर निकले हैं तो सभी इनकी दीक्षा को मंगलमयी बनाने के लिए छोटी छोटी साधना एवं संकल्प अवश्य करें। बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित धर्मसभा को संदेश देते हुए आचार्य श्री ने फरमाया की हमारे जीवन मे यदि श्रद्धा सच्ची हैं तो भगवान साधना के शक्ति प्रदान करता है। धर्मसभा का संचालन बादल चोरडिया ने किया।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# निगम सम्मेलन में जमकर ठिठोली

## कांग्रेस पार्षद ने बता दी कुत्तों की संख्या, मजेदार अंदाज में कहा- उन्हें श्वानजी बोलो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** निगम परिषद सम्मेलन में भाजपा पार्षद प्रशांत बड़वे ने कुत्तों के काटने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हम सभी पार्षद कुत्तों से परेशान हैं। हमारी एक कार्यकर्ता के बेटे को कुत्ते ने काटा है। वह आईसीयू में एडमिट है। प्रगति नगर में 8 वर्षीय बालिका को भी काटा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश है इसलिए ठोस कार्रवाई नहीं होती। महापौर जी, सुप्रीम कोर्ट में निगम की ओर से रि-पीटिशन लगाइए।

इस पर कांग्रेस पार्षद रुबीना खान ने कहा कि क्या सिर्फ यही बचा है। कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। यहीं से पक्ष-विपक्ष में तकरार शुरू हो गई। खान ने मजेदार अंदाज में कुत्तों की संख्या बढ़ने का कारण बताया। बोलते ही पूरा सदन ठहाकों से गूंजने लगा। सभापति, मेयर और निगमायुक्त सहित सभी पार्षद खूब हंसे।

खान ने कहा कि नगर निगम इन्हें पकडक़र नसबंदी करती है। लेकिन श्वानजी फिर से आ जाते हैं। हाथ में कुत्तों के बच्चों के दो फोटो सदन में दिखाते हुए कहा कि मैडम (कुतिया) ने मेरे घर के पीछे बगीचे में चार-चार बच्चे दिए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नसबंदी इलाज नहीं है।

श्वानजी की संख्या ऐसे ही नहीं बढ़ती। ये लेडी श्वान 6 छोटे श्वानजी को जन्म देती है। 6 श्वानजी बढ़कर 12 श्वानजी हो जाते हैं। फिर 24 हो जाते हैं। 24 से 48 हो जाते हैं। इसके बाद आदरणीय श्वानजी की संख्या बढ़ती जाती है।

### पार्षद बोले- तमीज से नाम लीजिए

जब खान ने कुत्तों कहकर अपनी बात कही तो भाजपा पार्षदों ने कहा कि आप तमीज से नाम लीजिए। इस पर उन्होंने कहा ठीक है, गलती हो गई। हमारे क्षेत्र में बहुत से श्वानजी हो गए हैं। श्वानजी बहुत काट रहे हैं। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल कर दिया है। आदरणीय श्वानजी उनके कहते ही ठहाके शुरू हो गए।

खान ने कहा कि नसबंदी के बाद श्वानजी को उसी वार्ड में छोड़ दिया जाता है। वार्ड की कोई सीमा नहीं होती। वे घूमते-घूमते दूसरे वार्ड में चले जाते हैं। यहां उनका लेडी श्वान से अफेयर हो जाता है। यह कोई हल नहीं है कि नसबंदी कर दो और वहीं छोड़ दो। जब हम छोटे थे तो कभी-कभी घर में कुत्ता घुस जाता था। तब परिवार के लोग यह नहीं बोलते थे कि श्वानजी तशरीफ लेकर आए हैं, उन्हें कार से छोड़ दो। अगर उन्हें बचपन से कुत्ता कहा है तो कुत्ता ही बोलेंगे।

सुझाव दिया कि श्वानजी के लिए शहर से बाहर एक बड़ी जमीन देखें। बड़ी शाला बनाएं। इसमें पार्षद मुद्रा शास्त्री जैसे पशु प्रेमी भी हैं। ये लोग दान दें। इस पर सभापति मुन्नालाल यादव ने हंसते हुए कि कहा यह बात मेरी ओर देखकर कहिए। खान ने कहा श्वानजी को इस शाला में रखा जाएं। फिर लोग इन्हें बचा हुआ भोजन-पानी दे सकते हैं। श्वानजी की नसबंदी भी हो चुकी तो उन्हें यहां छोड़ दीजिए, कोई परेशानी नहीं होगी। उनकी फैमिली बढ़ेगी नहीं। अगर फण्ड की कमी पड़े तो दिल्ली से मेनकाजी से मंगवा लें। खान का यह मजेदार अंदाज 5-7 मिनट का रहा और खूब गुदगुदाया। इस दौरान सभी के हंसते-हंसते पेट दुखने लगे।

### आधे घंटे में ही भूल गए ताई की पाठशाला

खास बात यह कि सम्मेलन के पहले पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने सदन की गरिमा, पार्षदों को कैसे बोलना चाहिए सहित कई बातों को विस्तार से बताया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेजी सहित कई उदाहरण दिए। यह बात भाजपाई और कांग्रेसियों दोनों को कही। सभी ने इसे शांति से सुना और मौन रूप से अमल करने की बात कही। फिर जैसे ही ताई रवाना हुई और सम्मेलन शुरू हुआ तो फिर कई मुद्दों पर भाजपा और कांग्रेस के पार्षद ताई का पाठ भूल गए। उन्होंने चिल्ला-चिल्लाकर एक दूसरे पर आरोप लगाए और जमकर नारेबाजी की।

### ताई के मन में हाईकमान का दर्द, कांग्रेसी जाएंगे उनके घर

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने मीडिया से कहा कि ताई ने जो कुछ कहा है वह उनके मन का दर्द है। भाजपा ने ताई का अपमान किया है। इसके चलते उन्हें सम्मेलन में आकर सफाई देनी पड़ी। जब मोदीजी के नाम से स्टेडियम हो सकता है तो ताई के नाम क्यों नहीं। ताई के मन में आज भी पार्टी के प्रति समर्पण का भाव दिखा। उनका इतना अपमान हुआ फिर भी पार्टी के खिलाफ कोई बात नहीं कही। ताई जहर का घूंट पी रही है। यह दलबदल कर रहे नेताओं के लिए सीखने की बात है। ताई सम्मान की मोहताज भी नहीं है। वह योग्य है, उन्हें सम्मान मिलना था। कांग्रेस की सरकार बनने पर उनके नाम से कुछ न कुछ करेंगे। हम ताई के यहां जाएंगे और कहेंगे कि आपसे सभी को सीखने की आवश्यकता है।

# दो गैस एजेंसी संचालकों सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज

## मामला खजराना में मिली गैस टंकियों का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना इलाके में पिछले दिनों क्राइम ब्रांच और पुलिस ने दबिश मारकर एक घर से 100 से ज्यादा घरेलू गैस टंकियां जब्त की थीं मामले में पुलिस ने इंदौर और देवास के दो गैस एजेंसी संचालको सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खजराना थाने में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिव सुंदर व्यास की शिकायत पर असद शेख और अथर शेख दोनों निवासी खिजराबाद सहित नंदकिशोर विश्वकर्मा संचालक अन्नपूर्णा गैस एजेंसी देवास , हाकर राजेश जायसवाल और इंदौर के शिवानंद गैस एजेंसी के मालिक अभिलाष चौरसिया के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खजराना इलाके के रहवासी बस्ती में बड़ी मात्रा में गैस टंकियां इक_ी कर घरेलू गैस टंकी से कमर्शियल गैस टंकिया बनाई जा रही हैं। अगर यहां कोई हादसा होता तो बडी जनसंख्या प्रभावित हो जाती। मौके पर दबिश में 100 से ज्यादा गैस सिलेंडर मिले। असद और अतहर ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि देवास की गैस एजेंसी संचालक द्वारा टंकियां हाकर के माध्यम से भेजी जाती हैं और टंकियां बनाकर इंदौर के शिवानंद गैस एजेंसी संचालक को वह लोग देते हैं। जांच के बाद सभी को मुलजिम बनाया गया है।

## कार के कांच फोड़े, फिर प्रोफेसर के साथ मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाले एक प्रोफेसर के साथ दो युवकों और उनके साथियों ने जमकर मारपीट की। आरोपियों ने कार के कांच फोड़ दिए। प्रोफेसर ने कार के पास खड़े होने को लेकर दोनों से पूछताछ की, तभी आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक घटना सिद्धीपुरम कॉलोनी की है। यहां रहने वाले धर्मेंद्र शाक्य भंवरकुआ स्थित निजी कोचिंग में प्रोफेसर हैं। उनहोंने बताया कि सिद्धीपुरम कॉलोनी में किराये से रहते हैं। रात 10 बजे वह मेन गेट पर ताला लगाने आए तब सुल्तान उर्फ सोनू निवासी ब्रज विहार कॉलोनी ओर उसका दोस्त करण निवासी धनश्री नगर कार के पास खड़े होकर बाते कर रहे थे। दोनों से पूछा तो सुल्तान ने अपशब्द कहना शुरू कर दिए। इसके बाद कार के कांच फोड़ दिए। प्रोफेसर धर्मेंद्र बाहर आए तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। इसके बाद आसपास के लोगो ने प्रोफेसर को बचाया। प्रोफेसर इसके बाद थाने पहुंचे। पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने धर्मेन्द्र का मेडिकल कराया है।

## स्कूल के सामने शव रखकर प्रदर्शन

इंदौर। निजी स्कूल की महिला कर्मचारी की मौत के बाद बात बिगड़ गई। समाजजन ने शव रखकर स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। राजेंद्र नगर थाना पुलिस के मुताबिक बिजलपुर निवासी 65 वर्षीय सुगनबाई गोयल चमेली देवी स्कूल में काम करती थी। गुरुवार दोपहर को उसकी तबीयत बिगड़ गई। शाम को उसे घर भेज दिया गया। बलाई समाज के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को स्कूल के बाहर शव रखकर विरोध जताया कि सुगन बाई की मौत स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से हुई है। समय पर अस्पताल भिजवा दिया होता तो वह बच सकती थी। उन्होंने नारेबाजी की और कहा कि कर्मचारियों से 12 घंटे काम करवाया जाता है। पुलिस के मुताबिक जांच की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

## नाबालिग सब्जी वाले को चाकू मारे

इंदौर। मूसाखेडी में नाबालिग सब्जी वाले को एक व्यक्ति ने चाकू से गोद डाला। उसका कसूर इतना था कि उसने आरोपी के घर के नजदीक अपने सब्जी का ठेला लगा लिया था। आजाद नगर थाने में फरियादी पार्वती पति लक्ष्मी नारायण की शिकायत पर आरोपी वीरेंद्र पिता जगदीश राजावत निवासी प्रजापति साइकिल की साइड वाली गली मसानिया रोड के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घायल का नाम पंकज पिता लक्ष्मी नारायण है। पंकज की मां पार्वती ने पुलिस को बताया कि पंकज सब्जी का ठेला लगाता है। कल उसने आरोपी वीरेंद्र के घर के पास सब्जी का ठेला लगा लिया था। वीरेंद्र ने उसे ठेला हटाने को कहा पंकज ठेला हटाने लगा तो वीरेंद्र उसे गालियां देने लग गया। पंकज ने विरोध किया तो आरोपी वीरेंद्र ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में पंकज गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## एक ही दिन में चार गाड़ी चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संयोगितागंज थाना इलाका वाहन चोरों का हॉट टारगेट बना हुआ है। कल संयोगितागंज थाने में वाहन चोरी के चार अलग.अलग प्रकरण दर्ज हुए । दवा बाजार और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नजदीक से बदमाशों ने गाडियां चुराई है। संयोगितागंज थाने में पहला प्रकरण सत्यनारायण पिता मांगीलाल निवासी राजेंद्र नगर की शिकायत पर दर्ज हुआ है । उन्होंने पुलिस को बताया कि शिव मंदिर के पास दवा बाजार के नजदीक उन्होंने अपनी स्प्लेंडर पार्क की थी एअज्ञात बदमाश वहां से चुरा ले गया। इसी तरह दूसरा प्रकरण मनीष श्रीवास्तव नविासी सुदामा नगर की शिकायत पर दर्ज हुआ है। उसकी गाड़ी भी दवा बाजार डीपी के सामने से चोरी हुई है। तीसरा प्रकरण अनिल पिता नायरा बारिया जिला देवास की शिकायत पर दर्ज हुआ है। अनिल के परिजन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती है , उसने अपनी गाड़ी वहीं पर खड़ी की थी। अस्पताल परिसर से ही बदमाश उसकी गाडी चुरा ले गए। संयोगितागंज थाना पुलिस ने चौथा प्रकरण मोहन सांवले निवासी पारसी मोहल्ला छावनी की शिकायत पर दर्ज किया है। घर के सामने खड़ी उसकी मोटरसाइकिल पल्सर को अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। गौरतलब है कि दवा बाजार, एमवाय अस्पताल और आसपास के इलाके लगातार वाहन चोरों के निशाने पर हैं।

## ससुराल वाले मारते थे ताने

### पति, सास और जेठानी के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पत्नी ने पति, सास और जेठानी की पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि ससुराल वाले उसे पहनावे को लेकर टोकते थे। ताने भी मारते थे। पत्नी ने प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है।**

तुकोगंज थाना पुलिस ने नयना की शिकायत पर आरोपी पति राजेश गजा निवासी नारायण रेड्डी कालोनी आर्च भवानी पूरम कालोनी चंदा नगर हैदराबाद तेलंगाना, सास जया और जेठानी रचना के खिलाफ दहेज प्रताडऩा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। फरियादी नयना ने पुलिस को बताया कि पति राजेश,सास जया और जेठानी रचना द्वारा पहनावे को लेकर ताना मारती थी। छोटी-छोटी बातों को लेकर भी रोका-टोकी करती थी। पति ने शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया। थप्पड़ मारे, मारपीट की। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## 114 लोगों से ठगी करने वाली नकली कंपनी पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शेयर ट्रैडिंग की कंपनी के नाम पर फर्जी तरीके से वाट्सएप पर के माध्यम से अभी तक 114 लोगों से आरोपियों ने 20 करोड़ रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। अब शेयर ट्रैडिंग कंपनी के असली मालिक ने क्राइम ब्रांच को नकली कंपनी के ठगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर हाईटेक तरीके से 20 करोड़ रुपए की ठगी करने वालों की तलाश शुरु कर दी है।

शेयर ट्रेडिंग में कई गुना रिटर्न देने के नाम से आरोपियों ने पूरे देशभर में करीब 114 लोगो से 20 करोड़ से अधिक राशि की ठगी कर ली गई है। ऑनलाइन ठग गैंग के द्वारा ओरिजनल इंद्रा सिक्योरिटी कंपनी के नाम से फर्जी ऐप वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से आमजन को डाउनलोड करवाते हुए झूठे विश्वास में ठगी की जा रही है। फरियादी इंद्रा सिक्योरिटी कंपनी की तरफ से आरोपियों के विरुद्ध क्राइम ब्रांच में केस दर्ज करवाया गया है। इंदौर के इंद्रा सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को तरफ से फरियादी विमलेश अजमेरा द्वारा लिखित शिकायत की गई थी कि उनकी सेबी रजिस्टर्ड इंद्रा सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एवं कंपनी के डायरेक्टर नेवी रामावत के नाम व फोटो का दुरुपयोग कर ठग द्वारा व्हाटसप पर फर्जी लिंक के माध्यम से एपीके साफ्टवेयर इंस्टॉल करवाकर ठगी की वारदात की जा रही है।

जिसमें क्राइम ब्रांच द्वारा फरियादी इंद्रा सिक्योरिटी कंपनी की शिकायत जांच करते हुए ज्ञात हुआ की देशभर के विभिन्न राज्यों के करीब 114 आवेदकों से ठग द्वारा फर्जी व्हाट्स ग्रुप में कम्पनी के डायरेक्टर का फर्जी फोटो दिखाते हुए लोगो को आईएनडी सेस नाम की फर्जी एपीके ऐप लिंक के माध्यम से डाउनलोड करवाते हुए, शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कर कई गुना रिटर्न कमाने का झूठा वादा करके लोगो से फर्जी बैंक अकाउंट्स में ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट अमाउंट जमा करने के नाम से 20 करोड़ से अधिक राशि प्राप्त कर ठगी की गई है। क्राइम ब्रांच ने धारा 409, 34 का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कृषि महाविद्यालय के छात्रों के लिए अभिनन्दन कार्यक्रम का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कृषि महाविद्यालय इंदौर में अभिनंदन कार्यक्रम के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए 7 दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण और प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

विद्यार्थियों के उन्नयन और चहुमुंखी विकास के लिए शारिरिक व्यायाम , छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए और अति आवश्यक रूप से आपसी परिचय एवं सामंजस्य स्थापित करने के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।





**छात्र संसद-** इसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः कालीन सत्र में आज छात्र संसद का गठन करके संसदीय प्रणाली के अनुरूप 20 सूत्रीय कार्यक्रम के ऊपर छात्रों के द्वारा सक्रिय भागीदारी के तहत अपने मंतव्य को रखा गया इस कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा ही समस्त कार्यक्रम का क्रियान्वन किया गया ।

इस समापन कार्यक्रम के अवसर पर अमरेंद्र सिंह एडिशनल कमिश्नर पुलिस ,मुख्य अतिथि और वरिष्ठ पत्रकार रजनी खेतान विशेष अतिथि बनी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता कैलाश नाथ पाठक ने की ।कृषि में स्नाकोत्तर अमरेंद्र सिंह ने कॉलेज के अनुभव साझा करते हुए, साइबर सुरक्षा के निर्देश दिए साथ ही मैनेजमेंट के कई अनिवार्य फंडे दिए। कृषि क्षेत्र में भारत रत्न प्राप्त स्वामी नाथन जी को उल्लेख करते हुए बीज बैंक, मिलेट, सी फूड, ऑर्गेनिक फ़ूड पर रजनी खेतान ने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता के एल पाठक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियम के बारे में बताया। कृषि महाविद्यालय इंदौर में अभिनंदन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ स्वाति बार्चे, डॉ. आर.के.सिंह को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरवरिया ने किया। विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम के अंत मे आभार डॉ. एचएल खपेडिया ने माना।

## शहर से डेढ़ किमी दूर रहेंगी शराब दुकानें, नर्मदापुरम में बोले CM-

# नर्मदा में गंदा पानी मिलने से रोकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को मां नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम भी पहुंचे। वहां उन्होंने नर्मदा का पूजन किया। सीएम ने कहा कि मां नर्मदा में नालों से मिलने वाले गंदा पानी रोकने के लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा में नालों के मिलने वाले गंदे पानी को रोकने के निर्माण कार्यों के लिए 15 करोड़ की राशि देने की घोषणा की।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम जिले में सेठानी घाट पर आयोजित 'मां नर्मदा जयंती महोत्सव' और नर्मदापुरम गौरव दिवस में सहभगिता कर 191.34 करोड़ रुपये के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधि-विधान से मां नर्मदा की आरती की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम को पवित्र नगरी बनाया जाएगा। इसके लिए खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी और नगर से डेढ़ किलोमीटर दूर शराब की दुकानें रहेंगी। लाउड स्पीकर के प्रयोग पर भी नियंत्रण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदापुरम में आयुष महाविद्यालय खोला जाएगा। जिससे यहां के विद्यार्थी आयुर्वेद शिक्षा प्राप्त कर चिकित्सक प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां नर्मदा की बात निराली है। मां नर्मदा के किनारे आकर बैठने से ही पूरा जीवन धन्य हो जाता है। मां नर्मदा की पहचान सब नदियों से अलग है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक दिन उत्सव के रूप में मनाया जाता है। भारत मां और हमारी सनातन संस्कृति को भगवान का आशीर्वाद मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां नर्मदा जयंती की बधाई दी और जीवनदायिनी मैया नर्मदा के आशीर्वाद से प्रदेश में समृद्धि, दिव्य जल से जीवन धन्य रहने और सबके जीवन में खुशहाली की प्रार्थना की। विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में नर्मदापुरम गौरव दिवस पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## सिरफिरे ने किया मां का मर्डर

### वेलेंटाइन डे की रात प्रेमिका को लाना चाहता था घर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल।** भोपाल में एक युवक ने प्रेमिका के लिए अपनी मां की हत्या कर दी। उसने पहले मां से मारपीट की फिर गला घोंट दिया। वह वेलेंटाइन डे की रात प्रेमिका को घर लाना चाहता था। लेकिन, मां ने मना कर दिया तो आग बबूला हो गया। पुलिस के अनुसार 15 फरवरी की सुबह शबरी नगर में महिला नंदा मोरे की मौत की सूचना प्राप्त हुई। महिला के चेहरे और गले में चोट के निशान थे। होंठ कटा हुआ था। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि मौत गला दबाने से हुई है। पड़ोसियों व रिश्तेदारों से पूछताछ के आधार पर महिला के बेटे रौनक मोरे (19) पर संदेह हुआ। शुरूआती पूछताछ में उसने गुमराह किया। जब सख्ती बरती गई तो उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। रौनक के खिलाफ कमला नगर थाने में पहले से ही कई अपराध दर्ज हैं।

## सांड ने बुजुर्ग को सींग से 5 फीट उछाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई। वे घर में जा रहे थे, तभी सांड ने हमला कर उन्हें सींग से हवा में 5 फीट उछा दिया। बुजुर्ग सिर के बल नीचे गिरे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। घटना गुरुवार शाम की है। इसका फुटेज सामने आया है। निगम ने आवारा सांड को पकड़ लिया है। मामला गोल पहाड़िया इलाके का है। 63 वर्षीय मुंशी सिंह कुशवाह घर से कुछ दूर धूप सेंकने आए थे। इसके बाद वे घर लौटने लगे। गोल पहाड़िया इलाके में वे लाठी के सहारे घर की ओर बढ़ रहे थे, तभी पीछे से आए सांड ने हमला कर दिया। सांड ने मौके पर मौजूद दूसरे लोगों पर भी हमले की कोशिश की। नगर निगम मदाखलत प्रभारी उपायुक्त डॉ. अतिवल सिंह यादव ने बताया कि हमलावर सांड को पकड़ लिया गया है। सांड काफी आक्रामक था।

## महाकाल की शरण में पहुंचेंगे राहुल गांधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके साथ राहुल 25 फरवरी 2024 को उज्जैन आएंगे।

जहां पर वे बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे और उसके बाद यहां पर सभा को संबोधित भी करेंगे। लोकसभा चुनाव के पहले राहुल गांधी के उज्जैन आने की इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि मालवा निमाड़ क्षेत्र मे कई संसदीय सीट हैं, जिन पर राहुल गांधी के आने और सभा लेने से काफी प्रभाव पड़ सकता है। कांग्रेस नेता रवि राय ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर 25 फरवरी की शाम 5 बजे उज्जैन आने वाले हैं, जहां पर वे मक्सी से उज्जैन पहुंचेंगे और सीधे बाबा महाकाल के दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने बताया कि बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद राहुल इंदौर गेट पर पहुंचेंगे जहां कार्यकर्ता अभिनंदन करेंगे। इसके बाद यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा दौलतगंज, देवासगेट पर रुकेगी, जहां राहुल गांधी द्वारा सभा को संबोधित किया जाएगा। उसके बाद यह यात्रा मोहनपुरा पहुंचेगी जहां पर भी एक सभा का आयोजन होगा। राय ने बताया कि यह यात्रा इस सभा के बाद लगभग पांच दिनों तक यहां स्टे करेगी और उसके बाद यात्रा मुरलीपुरा क्षेत्र से 2 मार्च को फिर से शुरू होगी जो कि बड़नगर, बदनावर, झाबुआ होते हुए गुजरात जाएगी।

## मध्यप्रदेश में गड्ढों की होगी हाईटेक मरम्मत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का पीडब्ल्यूडी विभाग जल्द ही हाईटेक तकनीक से सड़कों के गड्ढे भरने का काम करेगा, इसके लिए पूरा प्लान तैयार किया जा चुका है। खुद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग सड़कों के गड्ढे भरने और उनकी निगरानी के लिए हाईटेक व्यवस्था करने वाला है, जिससे आम लोग सीधे विभाग तक गड्ढों की जानकारी पहुंचा सकेंगे। दरअसल, पीडब्ल्यूडी विभाग का 'पॉटहोल रिपोर्टिंग सिटीजन मोबाइल एप' जल्द ही शुरू होगा, इस एप के जरिए लोग अपने मोबाइल से गड्ढों की जियोटैग्ड फोटो विभाग में भेजेंगे, जिससे फोटो जीपीएस लोकेशन के साथ कार्यपालन यंत्री के पास पहुंचेगा। इसके बाद तय समय सीमा में सड़क सुधार कर संबंधित यंत्री फिर से वह फोटो आम लोगों को भेजेंगे। इससे जो भी नागरिक गड्ढों की सूचना देगा उसे गड्ढों के मरम्मत होने की जानकारी भी मिलेगी। विधानसभा सत्र के दौरान यह जानकारी खुद मंत्री राकेश सिंह ने दी है। मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि अगर तय समय सीमा में गड्ढों को भरकर मरम्मत की फोटो अगर वापस नागरिक को नहीं भेजी गई तो फिर संबंधित इंजीनियर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पूरा प्लान सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए बनाया गया है। ऐसे में गड्ढों को लेकर जो शिकायतें आती हैं उनमें कमी आएगी और काम भी तेजी



से होगा। बताया रहा है कि बारिश से पहले सरकार प्रदेश की सड़कों पर सभी गड्ढों को भरने की कोशिश करेगी। इसके अलावा विधानसभा में मंत्री राकेश सिंह ने इस ऐप की शुरुआत जल्द हो जाएगी और तुरंत ही इसके माध्यम से कार्रवाई भी होगी। बता दें कि प्रदेश में हर साल बारिश के मौसम में सड़कों को लेकर सवाल उठता रहता है। ऐसे में इस बार सरकार यह नया प्रयोग करने जा रही है।

## प्रदेश के 67 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। सत्र 2023-24 पूरा होने को है लेकिन अब तक शासन की ओर से पहली से 12वीं कक्षा के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली 357 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं हुई है। प्रदेश के पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शासन की ओर से 20 प्रकार की योजना चलाई जाती हैं। इसके तहत विद्यार्थियों को 50 रुपये से लेकर 550 रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाती है।**




अभी तक प्रदेश के करीब 80 लाख बच्चों को शासन की ओर से विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति दी जाती थी। इस साल विभाग की ओर से 67 लाख विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए पात्र पाए गए हैं। करीब 13 लाख विद्यार्थी केंद्र की छात्रवृत्ति योजना में शामिल हो गए हैं। विभाग की ओर से शिक्षा पोर्टल पर विद्यार्थियों के बैंक खाता से लेकर नाम की सूची भी अपडेट कर दी गई है, लेकिन शासन से बजट नहीं आने के कारण अब तक विद्यार्थियों के खातों में राशि नहीं दी गई है। हालांकि शासन की ओर से छात्रवृत्ति के संबंध में अपडेशन की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) से मांगी गई है।

### लाड़ली बहना योजना से अटकी राशि

लाड़ली बहना की राशि के कारण अटकी छात्रवृत्ति नाम न सार्वजनिक करने की शर्त पर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लाड़ली बहना योजना के कारण इस बार समय से न तो विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिल सकेगी और न ही साइकिल सहित अन्य कोई भी योजना का लाभ ही मिल पाएगा। अधिकारियों का कहना है कि छात्रवृत्ति की राशि हर साल नवंबर या दिसंबर तक दे दी जाती थी। अब तक शासन की ओर से बजट ही नहीं मिला है।

Jharkhand

# रांची में सांप्रदायिक हिंसा, शोभायात्रा पर पथराव के बाद जमकर हुआ बवाल; धारा 144 लागू



**रांची, (एजेंसी)** रांची के नगड़ी के मेन रोड में प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान शुक्रवार की शाम जमकर बवाल हुआ। दो पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। इस दौरान पूरा इलाका रणक्षेत्र बन गया। दोनों ओर से जमकर पथराव और लाठी-डंडे भी चले। दोनों पक्षों की ओर से कई राउंड फायरिंग किए जाने का आरोप भी लगाया गया। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं।

घटना के बाद रांची जिला प्रशासन की ओर से नगड़ी अंचल क्षेत्र में अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। रांची के सदर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को रात दस बजे से अगले आदेश तक के लिए अंचल क्षेत्र में धारा 144 लागू रहेगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, सिटी एसपी राजकुमार मेहता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बेकाबू भीड़ पुलिस से भी उलझ गयी। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करनी पड़ी। घटना के दौरान भीड़ ने एक दर्जन से ज्यादा वाहनों में तोड़फोड़ की। साथ ही राहगीरों के साथ भी मारपीट की गई।

नगड़ी इलाके में प्रतिमा विसर्जन को लेकर शुक्रवार की शाम में शोभायात्रा निकाली गई थी। रात करीब आठ बजे शोभायात्रा एक धार्मिक स्थल के पास पहुंची। वहां पर शोभायात्रा में शामिल लोग नाच-गान कर रहे थे। इसी क्रम में धार्मिक स्थल के पास मौजूद लोगों ने धार्मिक

Maharashtra

## भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर पथराव, बीजेपी-शिवसेना यूबीटी कार्यकर्ता भिड़े, हंगामा



**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को भाजपा विधायक नीलेश राणे के काफिले पर कुछ अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। भाजपा विधायक के काफिले पर पथराव से रत्नागिरी के चिपलून में तनाव बढ़ गया है। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। सरकार ने घटना के जांच आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

शुक्रवार को रत्नागिनी के चिपलून में भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। यह झड़प शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव के कार्यालय के बाहर हुई। इस झड़प के दौरान स्थिति को बिगड़ती देख पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसी दौरान भाजपा विधायक और पूर्व सांसद नीलेश राणे का काफिला भी वहीं से गुजर रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं और शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं की झड़प के बाद कुछ अज्ञात लोगों ने नीलेश राणे के काफिले पर भी पथराव कर दिया। इस दौरान वहां जमकर हंगामा हुआ। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और घटना की जांच कर रही है।

घटना पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 'इस तरह के हमलों से विपक्ष की खीज दिख रही है। चिपलून की घटना में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।'

Uttarpradesh

## दो बेटों ने मां के साथ मिलकर पिता को उतारा मौत के घाट, प्रॉपर्टी के विवाद में दिया वारदात को अंजाम

**फतेहपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में प्रॉपर्टी के विवाद में पत्नी ने बेटे संग मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और दोनो बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पति और पत्नी के बीच आपसी अनबन होने के कारण 12 वर्ष पहले पत्नी दोनों बेटों को लेकर अलग रहने लगी थी।

पति ने 6 महीने पहले गांव के मकान को बिना बताए बेच दिया था। इसके बाद पत्नी ने सूरत में रह रहे दोनों बेटों को बुलाकर पति की हत्या की साजिश रची। इसके बाद दोनों बेटों ने नलकूप के पास सो रहे पिता को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार, जहानाबाद थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के खेत पर बनी झोपड़ी में दो दिन पहले 43 साल के हरिश्चंद्र का शव मिला था। इस मामले में पुलिस ने मृतक के छोटे भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। इस घटना में पुलिस ने जब जांच-पड़ताल की तो मृतक हरिश्चंद्र और उसकी पत्नी निर्मला देवी के बीच 12 वर्ष पहले से आपसी विवाद होने की बात सामने आई।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ के विश्व प्रसिद्ध बमलेश्वरी मंदिर में LED विज्ञापन पर बवाल, चलने लगा अश्लील वीडियो

**रायपुर, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी देवी के मंदिर परिसर में एलईडी टीवी पर चल एक विज्ञापन के कारण बवाल मच गया है। एलईडी टीवी पर अश्लील विज्ञापन चलने का मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर विरोध किया। माता के दर्शन करने पहुंचे कुछ लोगों ने इस दृश्य का वीडियो बनाया और डोंगरगढ़ थाने में इसकी शिकायत की।**

यह घटना शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है हर रोज की तरह श्रद्धालु मां बमलेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे हुए थे। जहां कई लोग परिवार के साथ माता का आशीर्वाद लेने मंदिर गए हुए थे। जब लोग सीढ़ियां चढ़कर मंदिर जा रहे थे उस दौरान अचानक सीढ़ियों के पास लगे LED में अश्लील वीडियो चलने लगा। जिसे परिसर में मौजूद बच्चों ने भी देखा, इसके बाद बड़ी संख्या में लोगों का ध्यान स्क्रीन पर गया। यह मंजर देखते ही मंदिर में अफरा तफरी मच गई और दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। बड़े हंगामा के बाद LED टीवी को बंद किया गया।

मंदिर में माता के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं के अनुसार मंदिर में माता के दर्शन के लिए स्कूल की एक टीम भी पहुंची हुई थी। एलईडी टीवी में यह अश्लील वीडियो लगभग 5 से 7 मिनट तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि काफी बच्चों का ध्यान भी एलईडी की तरफ गया, तब दर्शन करने पहुंचे लोग एलईडी तोड़ने के लिए पहुंच गए। लेकिन समिति के मैनेजर ने उन्हें रोक दिया।

खेल

# एशिया टीम चैंपियनशिप में पहली बार पदक पक्का भारतीय महिला टीम ने हॉन्ग कॉन्ग को हराया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हॉन्ग कॉन्ग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना ऐतिहासिक पहला पदक पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया।**

चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी करते हुए सिंधू ने अपने से निचली रैंकिंग वाली लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-7, 16-21, 21-12 से जीत दर्ज की। इसके बाद तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम



की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 35 मिनट में 21-10, 21-14 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर 21-12, 21-13 की आसान जीत से भारत की जीत सुनिश्चित की और टीम के लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का किया। अब भारत का मुकाबला शीर्ष वरीय जापान और चीन के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा।

### सिंधू को दी सिन ने टक्कर

सिंधू ने दुनिया की 77 वें नंबर की लो सिन के खिलाफ पहले गेम में अच्छी शुरुआत करते 11-1 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद विपक्षी खिलाड़ी ने चुनौती पेश की और सिंधू ने छह अंक गंवाए लेकिन दूसरे गेम में कड़ा मुकाबला हुआ। एक समय स्कोर 10-10 था। सिंधू को लय बनाए रखने में दिक्कत हो रही थी। लो सिन ने 15-10 की बढ़त बना ली और गेम अपने कब्जे में कर मैच को निर्णायक गेम की ओर मोड़ दिया। तीसरे गेम में सिंधू ने 5-1 की बढ़त बनाई। लंबी रैलियां देखने को मिलीं। सिंधू ने अपने शॉटों की विविधता से 17-8 की बढ़त बनाई। सिंधू के पास नौ मैच प्वाइंट थे और सिन के खिलाफ दूसरे पर उन्होंने मैच जीत लिया।

### कोच ने की टीम की तारीफ

भारतीय कोच विमल कुमार ने कहा, ''यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। ड्रिफ्ट के कारण एक छोर से मुश्किल होने के कारण सिंधू को थोड़ा जूझना पड़ा लेकिन यह एक अच्छा परिणाम है, हम सेमीफाइनल में हैं।''

सिनेमा

## टीवी शो उड़ान की एक्ट्रेस कविता चौधरी का हार्ट अटैक से हुआ निधन, चल रहा था कैंसर ट्रीटमेंट



टेलीविजन इंडस्ट्री से बेहद दुखद खबर सामने आई है. 80 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस कविता चौधरी का निधन हो गया है. एक्ट्रेस का निधन हार्टअटैक से हुआ है. एक्ट्रेस 'उड़ान' सीरियल में IPS अफसर कल्याणी सिंह का रोल निभाकर घर-घर पॉपुलर हो गई थीं. आज का दिन टेलीविजन दर्शकों के लिए काफी भारी साबित हुआ. 67 साल की उम्र में जानी-मानी एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर कविता चौधरी ने दुनिया को अलविदा कह दिया. वो कैंसर से पीड़ित थीं और उनका इलाज चल रहा था. एक्ट्रेस की मौत की खबर से उनके चाहने वाले सदमे में हैं. हर कोई सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित कर रहा है. एक्ट्रेस की करीबी दोस्त सुचित्रा वर्मा ने बताया- जब पिछले साल मैं उनसे मिली, तो उन्होंने मुझे अपनी कीमोथेरेपी के बारे में बताया था. उनकी शक्ल पर उनका दर्द भी साफ नजर आ रहा था. आज मैं बहुत बुरा महसूस कर रही हूं, क्योंकि मुझे उनसे दोबारा मिलने का मौका नहीं मिल पाया. मुझे उनकी कंडीशन देखकर नहीं लगा था कि ये सब इतनी जल्दी हो जाएगा. कविता ने 'उड़ान' में आईपीएस अफसर कल्याणी सिंह का रोल निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल की थी. 'उड़ान' सीरियल उनकी बड़ी बहन कंचन चौधरी की जर्नी पर आधारित था, जो किरण बेदी के बाद दूसरी आईपीएस अधिकारी बनी थीं.

## संपादकीय

# जटिल हालात

अभिभावकों और उन्हें जानने वाले आस-पड़ोस के लोगों के लिए बच्चों की रोजमर्रा की संगति और गतिविधियां अनदेखी करने लायक क्यों होनी चाहिए? इसके अलावा, कानून-व्यवस्था का आलम ऐसा क्यों है कि किसी पर जानलेवा हमला करने वाले लोगों या बच्चों के भीतर पुलिस की कार्रवाई का खौफ काम नहीं करता? अगर समाज के ढांचे में पलती विकृतियों और बच्चों के भीतर बढ़ती आपराधिक हिंसक प्रवृत्ति को लेकर सरकार और आम लोग गंभीर नहीं हुए तो इस तरह के बच्चों की जिंदगी की दिशा सबके लिए जटिल हालात पैदा कर दे सकती है। पिछले कुछ समय से बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति को लेकर लगातार चिंता जताई जा रही है। ऐसे भी मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें कम उम्र के बच्चे भी अपने सहपाठियों और यहां तक कि शिक्षकों पर जानलेवा हमला कर दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के नोएडा में दो नाबालिग लड़कों ने जिस तरह एक स्कूल के अध्यापक को गोली मार दी, उससे यही पता चलता है कि समाज और व्यवस्था के स्तर पर एक गंभीर विकृति अपने पांव जमा रही है। खबरों के मुताबिक साकीपुर गांव में स्कूल से थोड़ी दूर पर हुई घटना में गनीमत बस यह रही किसी तरह शिक्षक की जान बच गई। वरना हमले की प्रकृति को देखते हुए कहा जा सकता है कि आरोपी छात्रों का मकसद शिक्षक की हत्या करना रहा होगा! सवाल है कि इतने उम्र में बच्चे किसी मामूली बात पर हत्या करने जैसे अपराध करने पर क्यों उतर जा रहे हैं! इस घटना को कुछ बिगड़े हुए नाबालिग बच्चों की करतूत मान कर गुजर जाने दिया जा सकता है, मगर नाबालिग और कम उम्र के बच्चों के भीतर आक्रामकता और हिंसा के सहारे अपनी मंशा पूरी करने की बढ़ती प्रवृत्ति न सिर्फ ऐसे बच्चों की जिंदगी बर्बाद कर रही है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए भी चिंतित होने का विषय है। अव्वल तो शिक्षक पर हमला करने वाले नाबालिग छात्रों के भीतर एक जघन्य स्तर के अपराध को अंजाम देने की बात क्यों आई।

**Quote...**

"The only impossible journey is the one you never begin."

-Tony Robbins

# राजा और उसकी तीन बेटियां



**बहुत समय पहले एक राजा था, जो खुद के बारे में सोचता था कि वह बहुत ही नेक सोच, दयालु स्वाभाव और दरियादिली है। उसे लगता था कि वह स्थितियों को सही से समझने, हर बात पर न्याय करने और हर विषय में उचित विचार रखने वाला व्यक्ति है।**

राजा की तीन बेटियां थीं। एक दिन उसने अपनी बेटियों को बुलाकर कहा, 'मेरे पास जो भी है, वो सब तुम्हारा है। तुम तीनों को मुझसे ही जीवन मिला है। मेरी इच्छानुसार ही तुम तीनों का भूत, वर्तमान और भविष्य बना हुआ है, जो आगे भी ऐसे ही बना रहेगा। मैं ही तुम तीनों का भाग्य बनाता हूं।'

राजा की यह बात सुनकर उसकी दो बेटियों ने शांत मन से राजा की बात में हामी भर दी, लेकिन तीसरी बेटी ने ऐसा नहीं किया। उसने कहा, 'नहीं, मुझे तो नहीं लगता है कि आपके हाथों में मेरा भाग्य है।'

राजा यह सुनते ही गुस्से में आ गया। उसनी अपनी तीसरी बेटी की कही बातों को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उसने खुद को अपनी तीसरी बेटी के सामने सही साबित करने की ठान ली और उसे जेल में बंदी बना दिया।

इस वजह से राजा की तीसरी बेटी कई सालों तक जेल में ही बंद रही। राजा और उसकी बाकी की बेटियां राजसी जीवन जीते रहे।

राजा मन ही मन सोचता है कि यह मेरा ही हुक्म है, जो मेरी जिद्दी बेटी जेल में कैद है। लोगों को भी यही लग रहा होगा कि राजा का ही हुक्म है, जो उसकी बेटी को ऐसा भाग्य मिला है।

उसकी प्रजा के लोग भी यही सोचते थे। उन्हें लगता था कि राजा की तीसरी बेटी ने जरूर कोई गलत कार्य किया होगा, तभी उसे जेल में कैद करके रखा गया है। वरना कोई भी पिता अपनी बेटी के साथ भला ऐसा क्यों ही करेगा।

राजा कभी-कभी जेल में कैद अपनी तीसरी बेटी से मिलने के लिए जाता था। उसकी बेटी बहुत कमजोर हो गई थी, लेकिन अभी भी उसके विचारों में कोई बदलाव नहीं आया था। मगर राजा अपनी कमजोर होती बेटी की हालात और नहीं देख पा रहा था।

एक दिन उसने अपनी तीसरी बेटी से कहा, 'इस तरह से तुम्हारा जिद करना मुझे बहुत गुस्सा दिलाता है। अगर तुम इसी तरह मेरी आंखों के सामने रही, तो गुस्से में मैं न जाने क्या कर बैंठूंगा। मैं तुम्हें मौत की सजा भी दे सकता है, लेकिन मैं एक अच्छे दिल का हूं, इसलिए मैंने सोचा है कि तुम अब मेरे राज्य के पास के ही एक जंगल वाली जमीन पर जानवरों के साथ रहोगी।'

राजा ने आगे कहा, 'उस जंगल में सिर्फ उन्हीं लोगों को रखा जाता है, जो मेरे आदेश का पालन नहीं करते। तुमने भी अपनी जिद की वजह से मेरी बात नहीं मानी, इसलिए तुम भी अब वहां मौजूद लोगों के साथ अपना पूरा जीवन काटोगी।'

इसके बाद तीसरी बेटी को उस जंगल की जमीन पर रहने के लिए भेज दिया गया। वहां वह फल और सब्जियां खाने और एक गुफा में रहने लगी। उसके पास पीने के लिए झरने का पानी और ठंड से बचने के लिए सिर्फ सूरज की धूप का ही सहारा था।

वहां की खुली हवा में रहते हुए और फल-फूल खाते-खाते वो जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ हो गई। उसने वहां पर खेती करना भी शुरू कर दिया। गुफा को उसने घर की तरह सजा लिया था और खुशी-खुशी वहीं रहती थी। एक दिन वहां पर एक भटकता हुआ राहगीर आ पहुंचा। उसे देखते-ही-देखते राजा की तीसरी बेटी से प्रेम हो गया और दोनों खुशी-खुशी वहीं रहने लगे।

उस जंगल में उन दोनों के अलावा और भी कई लोग रहते थे, जिनकी मदद से उन्होंने उस जंगल को एक शहर के रूप में बदल दिया।

कुछ ही सालों में राजा की तीसरी बेटी और वो राहगीर उस शहर के राजा-रानी बन गए। अब उनके शहर की चर्चा दूर-दूर तक होने लगी। जैसे ही इसकी जानकारी राजा को मिली वह उस जंगल में सबकुछ देखने के लिए पहुंच गया। जब उसने वहां की राजगद्दी पर अपनी बेटी को बैठे देखा और साथ में एक खुबसूरत युवक को, तो उसके होश उड़ गए।

राजा की बेटी ने अपने महल में अपने पिता का पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया। उसने अपने पिता से उसके बुरे बर्ताव व फैसल के लिए कुछ भी नहीं कहा। जैसे ही राजा वहां बैठा, तो उसे एक आवाज सुनाई देने लगी, जो कह रही थी कि हर इंसान स्वंय ही अपना भाग्य बनाता है। कोई अन्य इंसान किसी और का भाग्य नहीं बना सकता।

इसके बाद राजा को स्वंय ही अपनी गलती पर पछतावा होने लगा और उसने अपनी सभी बेटियों को अपने भाग्य से आजाद कर दिया। उसने अपनी तीनों बेटियों से कहा, 'भले ही तुम तीनों का भाग्य मेरे हाथों में है, लेकिन हर व्यक्ति खुद ही परीस्थितियों के अनुसार अपना भाग्य अच्छा व बुरा बना सकता है।'

### कहानी से सीख

राजा और उसकी तीन बेटियों की कहानी हमें यह सीख देती है कि कोई भी व्यक्ति किसी का भाग्य बना या बिगाड़ नहीं सकता। हमारा भाग्य स्वंय हमारे हाथों में ही होता है, जिसे हम अपनी सूझबूझ से बुरी परिस्थितियों में भी अच्छा बना सकते हैं।

## Highlights

1. **BJP National Council meet to begin today; 11,500 members to attend**
2. **Alert: Rainfall, snowfall, and thunderstorms expected across India**
3. **Black Panther slowly enters house in Tamil Nadu, IFS officer shares video**
4. **Delhi CM Arvind Kejriwal moves confidence motion amid ED summons**
5. **Ram Lalla to take 1-hr afternoon rest as he can't take stress for 18 hrs: Priest**
6. **Nitish begged Lalu for forgiveness before dumping BJP in 2022: RJD**

# Paytm QR code, card machine to work even after March 15 only if....

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India clarified that the widely used Paytm QR code and Soundbox by merchants will not be affected by its action on Paytm Payments Bank if they are linked to accounts with other banks, it said in a 'Frequently Asked Questions' document released on Friday.

The central bank gave an additional 15 days, till March 15, to Paytm Payments Bank to stop deposits, credit transactions or top-ups in any customer accounts, wallets, and FASTags.

If the Paytm QR code, Paytm Soundbox is not linked to Paytm Payments Bank

As a merchant using Paytm QR code, Paytm Soundbox, or Paytm POS terminal linked to a different bank account (not with Paytm Payments Bank), can I continue using this setup after March 15?

Yes, if your fund transactions are associated with any bank account other



than Paytm Payments Bank, you can continue using this arrangement beyond March 15.

If the Paytm QR code, Paytm Soundbox is linked to Paytm Payments Bank

• If I am a merchant accepting payments using a Paytm QR code, Paytm Soundbox, or Paytm POS terminal linked to my bank account or wallet with Paytm Payments Bank, can I continue this setup after March 15?

No, after March 15, you won't be able to receive any credit into your bank account or wallet with Paytm Payments Bank, except for refunds, cashbacks, sweep-ins from partner banks, or interest. To avoid inconvenience, it is recommended to obtain a new QR code linked to an account with another bank or wallet for receiving payments. Additionally, consider changing your bank account details (used for receiving payments) through your service provider.

Paytm chief breathes air

Vijay Shekhar Sharma took to the social media platform 'X' to share the RBI FAQs and highlighted that Paytm QR, Soundbox and EDC (card machine) will continue to work like always, even after March 15.

# RBI grants Paytm Payments Bank extension until March 15 to stop deposits

**NEW DEIHI, (Agency).** The RBI on Friday gave 15 days more till March 15, 2024 to Paytm Payments Bank Ltd (PPBL) to stop deposits, credit transactions or top-ups in any customer accounts, wallets, and FASTags, keeping in view the interest of customers, including merchants.

As per a January 31 order of the central bank, PPBL was asked to stop further deposits, credit transactions, or top-ups in any customer accounts, prepaid instruments, wallets, FASTags, and National Common Mobility



Cards, after February 29.

The RBI said this is being done keeping in view the interest of customers (including merchants) of PPBL who may require a little more time to make alternative arrangements and the larger public interest.

"Further, it is directed that the bank shall facilitate a seamless withdrawal of customer deposits that are parked with partner banks under the automatic 'sweep-in sweep-out' facility without causing any inconvenience to such customers," the Reserve Bank of India said.

The central bank has taken action against PPBL for persistent non-compliances and continued material supervisory concerns in the bank, warranting further supervisory action.

On Friday, the RBI also released a list of Frequently Asked Questions (FAQs), for the convenience of customers of PPBL, and the general public at large.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक